## एक नजर में



### वार्ड 19 में डामरीकरण सड़क निर्माण के लिये हुआ भूमिपूजन

**ग्वालियर 21 मार्च.** ग्वालियर पूर्व विधानसभा के वार्ड क्र. 19 में भिण्ड रोड से सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर तक सड़क डामरीकरण निर्माण कार्य के लिये आज भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दंदरौआ धाम के महंत श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर रामदास महाराज, गंगादास शाला के महंत रामसेवक दास महाराज, सांसद भारत सिंह कुशवाह, विधायक डॉ. सतीश सिकरवार, सभापति मनोज तोमर, क्षेत्रीय पार्षद कमलेश बलवीर तोमर आदि मौजूद रहे।

### सांतऊ धाम में कलश यात्रा के साथ भागवत कथा प्रारंभ

**ग्वालियर 21 मार्च.** सांतऊ स्थित सिद्ध क्षेत्र राजराजेश्वरी शक्तिपीठ, शीतला माता मंदिर के दिव्य प्रांगण में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का शंखनाद कलश यात्रा के साथ हुआ। कथावाचक अनमोल के स्वागत के साथ-साथ कलश यात्रा महोत्सव का शुभारंभ प्रातः 8 बजे हुआ, पारंपरिक वेशभूषा में सजी मातृशक्ति अपने शीश पर पवित्र कलश धारण कर निकलीं, तो हर तरफ केसरिया ध्वज और पुष्प वर्षा ही नजर आ रही थी। बैंड-बाजों की मधुर धुनों के बीच निकली इस यात्रा ने समूचे क्षेत्र को भक्तिमय कर दिया। व्यासपीठ से कथा की महिमा बताते हुए कथावाचक अनमोल ने कहा कि ग्वालियर-चंबल की यह वीर प्रसूता माटी अब भक्ति और संस्कारों की नई इबारत लिखेगी। मुख्य यजमान, मुरैना (सिराधना पहाड़ी) निवासी ठा. कल्याण सिंह गुर्जर ने सपरिवार विधि-विधान से पोथी पूजन कर प्रथम दिन की आरती संपन्न की। आयोजन को सफल बनाने के लिए शीतला माता भक्तगण ग्वालियर-चंबल संभाग की पूरी टीम ने व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद रखा है। मंदिर परिसर में बनाए गए भव्य वाटरप्रूफ डोम में भक्तों के बैठने, पेयजल और सुरक्षा की अत्याधुनिक व्यवस्था की गई है। कथा 27 मार्च तक दोपहर 2 बजे से 5 तक होगी, कथा के साथ अन्य कार्यक्रम के दौरान भगवान के विभिन्न अवतारों की सजीव झाँकियाँ, छप्पन भोग एवं भव्य भंडारा भी आयोजित होगा।



### 56 वारदातों के 'मास्टरमाइंड' पति- पत्नी की 'शातिर जोड़ी' गिरफ्तार

**ग्वालियर 21 मार्च.** अंतराज्यीय स्तर पर सक्रिय एक शातिर नकबजन और उसकी पत्नी को पुलिस ने गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। थाना महाराजपुरा पुलिस ने आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ की, जिससे क्षेत्र की 06 बड़ी चोरियों का खुलासा हुआ है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 15.75 लाख रुपये के सोने के जेवरात और 2 लाख रुपये नगद बरामद किए हैं। गिरफ्तार मुख्य आरोपी अरविंद रजक कोई साधारण अपराधी नहीं है। उसके खिलाफ ग्वालियर सहित अन्य राज्यों में चोरी, लूट और आर्म्स एक्ट के कुल 56 मामले दर्ज हैं। खास बात यह है कि वह अपनी पत्नी ज्योति रजक के साथ मिलकर सूने मकानों की रेकी करता था और फिर वारदात को अंजाम देता था। आरोपी अरविंद को 17 मार्च को हजीरा पुलिस ने अवैध हथियार के साथ दबोचा था, जिसके बाद महाराजपुरा पुलिस ने उसे रिमांड पर लिया। पुलिस ने आरोपी से 105 ग्राम सोना (कीमत लगभग 15.75 लाख रुपये) और 2 लाख रुपये नगद जप्त किए हैं। आरोपी दिन में रेकी करते थे और रात के अंधेरे में सूने घरों के ताले तोड़कर कीमती सामान उड़ा लेते थे। पति पर 56 और पत्नी पर झांसी में एक चोरी का मामला दर्ज है। एएसपी विदिता डागर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी यशवंत गोयल व उनकी टीम ने इस गिरोह का पर्दाफाश किया। पुलिस अब अन्य वारदातों और शेष माल की बरामदगी के प्रयास कर रही है।



### पीएसए की बैठक आयोजित

**ग्वालियर 21 मार्च.** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन कोर कमेटी की बैठक गोल पहड़िया स्थित गौरव हायर सेकेंडरी स्कूल पर सम्पन्न हुई! मुख्य अतिथि पी एस ए संभाग ग्वालियर अध्यक्ष अवधेश शर्मा, अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष पी एस ए अनिल दीक्षित ने की! मुख्य अतिथि अवधेश ने कहा कि सदस्यता संगठन को मजबूत करने के लिए सभी मिलकर स्कूल संचालको को जोड़े ,यह संगठन स्कूल संचालको के हित मे सदा खड़ा है. बैठक में अनिल दीक्षित महेंद्र श्रीवास्तव धर्मेंद्र गायकवाड़ स्मिता दुबे, कल्पना घोष, पी एस ए जिला अध्यक्ष निर्देश शर्मा राकेश पचौरी, , रवि कांत दुबे दीपक सिंह आदि मौजूद थे!



### हिंदू सर्वजातीय परिचय सम्मेलन 29 को

ग्वालियर। गुरु विरजानंद वैदिक ट्रस्ट के तत्वावधान में 29 मार्च को 49वां हिंदू सर्वजातीय परिचय सम्मेलन सामुदायिक भवन पाताली हनुमान मंदिर तानसेन रोड़ पर होगा। इसका शनिवार को पोस्टर विमोचन किया गया। आचार्य डॉ. भानु प्रताप वेदलंकार ने बताया कि अब तक इस सम्मेलन के लिए लगभग 500 प्रत्याशियों के बायोडाटा प्राप्त हो चुके हैं। सम्मेलन में अविवाहित युवाओं के साथ-साथ कल्याणी, तलाक शुदा और अधिक आयु के (प्रौढ़) प्रत्याशियों को भी अपना जीवन साथी चुनने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि युवतियों का पंजीकरण पूरी तरह से नि:शुल्क रखा गया है। साथ ही जो युवतियां मंच पर आकर अपना परिचय देंगी, उन्हें उपहार स्वरूप सर्वजातीय परिणय स्मारिका दी जाएगी। वहीं मनीषा विद्यालंकार ने बताया कि ट्रस्ट विगत 21 वर्षों में इंदौर, दिल्ली और ग्वालियर में कई रिश्ते तय करा चुके हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक रजनीश सिकरवार, शांति सिकरवार, सुग्रीव शर्मा, राहुल श्रीवास्तव, वंश अग्रवाल, आचार्य चन्द्रशेखर शर्मा, सतेंद्र शास्त्री आदि उपस्थित रहे।

# झाँसी रोड पर बनने वाली सड़क हो चौड़ी और काम में हो दम

संजीव कुमार शर्मा

**ग्वालियर 21 मार्च.** शहर के व्यस्ततम रास्तों में से एक झांसी रोड की सूरत बदलने के लिए अब आम जनता और श्रद्धालुओं ने आवाज बुलंद करना शुरू कर दिया है। चैत्र नवरात्रि के शुरू होते ही शीतला माता मंदिर दर्शन करने के लिए रोजाना हजारों भक्त इस रोड से होकर दर्शन करने जा रहे हैं।

### शीतला माता दरबार जा रहे भक्तों ने उठाई मांग

भक्तों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि झांसी रोड के चौड़ीकरण के काम में न केवल तेजी लाई जाए, बल्कि गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न किया जाए। लोगों का कहना है कि झांसी रोड केवल एक मार्ग नहीं है, बल्कि यह ग्वालियर को दक्षिण की ओर जोड़ने वाला मुख्य द्वार है। लोगों का कहना है कि यदि काम समय पर और पूरी गुणवत्ता के साथ होता है, तो इससे न केवल मंदिर जाने वालों को आसानी होगी, बल्कि शहर के विकास को भी नई रफ्तार मिलेगी।



### भक्तों की परेशानी, संकरी सड़क और ट्रैफिक का दबाव

शीतला माता मंदिर की ओर पैदल और वाहनों से जा रहे भक्तों का कहना है कि झांसी रोड पर ट्रैफिक का दबाव दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। श्रद्धालुओं के अनुसार सड़क की कम चौड़ाई के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे पैदल यात्रियों को जान जोखिम में डालकर चलना पड़ता है। निर्माण कार्यों की धीमी गति के कारण उड़ने वाली धूल भक्तों की सेहत और श्रद्धा दोनों को प्रभावित कर रही है।

### इनका कहना है...



झांसी रोड पर हैवी ट्रैफिक रहता है। सड़क संकरी होने से आए दिन हादसे होते हैं। हमारी मांग है कि काम में पारदर्शिता और दम होना चाहिए ताकि जनता का पैसा बर्बाद न हो। डामरीकरण और बेस निर्माण में मानक स्तर की सामग्री का उपयोग किया जाए। पैदल चलने वाले भक्तों की सुविधा के लिए चौड़े फुटपाथ और पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था हो।

**श्रीमती वर्षा पाराशर, श्रद्धालु**



हम हर साल पैदल माता के दर्शन करने जाते हैं, लेकिन इस बार झांसी रोड की हालत बहुत खराब है। सड़क चौड़ी होनी चाहिए, यह समय की मांग है, लेकिन प्रशासन यह भी सुनिश्चित करे कि बनने के दो महीने बाद ही सड़क उखड़ने न लगे। घटिया सामग्री का उपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।'

**यश उप्पल**



माता के दर्शन के लिए हजारों लोग इस मार्ग का उपयोग करते हैं। प्रशासन को चाहिए कि वह इस सड़क को भव्य और चौड़ा बनाए ताकि भविष्य में किसी दुर्घटना की आशंका न रहे। अक्सर देखा जाता है कि सड़कें बनने के कुछ महीनों बाद ही उखड़ने लगती हैं। झांसी रोड ग्वालियर की लाइफलाइन है, इसलिए मजबूत ड्रेनेज सिस्टम, जलभराव रोकने के लिए सड़क के साथ बेहतर नालियों का निर्माण हो।

**मानवी**



## शिक्षक से हुई 97 हजार की ऑनलाइन धोखाधड़ी की राशि वापस कराई

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 21 मार्च.** एक शासकीय शिक्षक के साथ हुई क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी का पर्दाफाश ग्वालियर पुलिस की साइबर विंग ने किया है। पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण के जरिए जालसाजों द्वारा उड़ाई गई 97 हजार रुपये की पूरी राशि फरियादी के खाते में सुरक्षित वापस करा दी है। फरियादी हरज्ञान (शासकीय शिक्षक) ने शिकायत दर्ज कराई थी कि किसी अज्ञात जालसाज ने उनका मोबाइल हैक कर 'एसएमएस फॉरवर्डिंग' सक्रिय कर दी थी। इसके जरिए आरोपी ने उनके क्रेडिट कार्ड का अनधिकृत उपयोग कर 97 हजार रुपये निकाल लिए थे। डीएसपी नागेन्द्र सिंह सिकरवार के मार्गदर्शन में टीम ने संबंधित बैंक और गेटवे से संपर्क कर राशि को तत्काल फ्रीज कराया और कानूनी प्रक्रिया के बाद उसे शिक्षक के खाते में वापस लौटाया। अपनी मेहनत की कमाई वापस पाकर शिक्षक हरज्ञान ने क्राइम ब्रांच ऑफिस पहुंचकर पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया।

### साइबर सेल ने जिले के लोगों को दी सलाह

किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। अपरिचित ऐप इंस्टॉल करने से बचें, यह आपके एसएमएस फॉरवर्ड कर बैंक खाते में सेंध लगा सकते हैं। धोखाधड़ी होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन या नजदीकी थाने में सूचना दें।

## सिंधिया राजवंश की विजय गाथा और आस्था का संगम भेलसे वाली माता

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 21 मार्च.** शहर के बहोड़ापुर क्षेत्र में जनकताल के पास एक ऊँची पहाड़ी पर विराजित तुलजापुर वासनी महिषासुर मर्दिनी माता का मंदिर न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि ग्वालियर के गौरवशाली इतिहास का गवाह भी है। स्थानीय लोग इन्हें प्यार से 'भेलसे वाली माता' पुकारते हैं। इस मंदिर की स्थापना के पीछे रियासत काल की एक बेहद रोमांचक और विजय की कहानी छिपी है।

### विदिशा (भेलसा) की जीत और माता का आगमन

इतिहासकार माता प्रसाद शुक्ल के अनुसार, इस मंदिर की स्थापना लगभग 175 वर्ष पूर्व सिंधिया राजवंश के शासनकाल में हुई थी। उस दौर में रियासतों के बीच जीत-हार और खजाने पर अधिकार एक परंपरा थी।

### पर्यटन और आस्था का केंद्र

जनकताल के समीप होने के कारण यह क्षेत्र अब धार्मिक पर्यटन के रूप में भी विकसित हो रहा है। इतिहास प्रेमी और श्रद्धालु यहाँ माता के दर्शन के साथ-साथ ग्वालियर के सैन्य इतिहास को करीब से महसूस करने आते हैं।




### सेनापति की विजय, खजाने के साथ आई आस्था

सिंधिया राजघराने के पराक्रमी सेनापति गोविंदराव विट्ठल ने तत्कालीन 'भेलसा' (जिसे अब हम विदिशा के नाम से जानते हैं) पर आक्रमण कर बड़ी जीत हासिल की थी। युद्ध जीतने के बाद सेनापति वहां से बेशकीमती खजाना लेकर ग्वालियर लौटे थे। इसी विजय की स्मृति और माता के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए सिंधिया शासकों ने पहाड़ी पर इस भव्य मंदिर का निर्माण कराया। चूँकि माता की प्रेरणा 'भेलसा' की विजय से जुड़ी थी, इसलिए इन्हें 'भेलसे वाली माता' कहा जाने लगा।

### पहाड़ी पर विराजी हैं महिषासुर मर्दिनी

यह मंदिर वास्तुकला और शांति का अनूठा उदाहरण है। ऊँची पहाड़ी पर स्थित होने के कारण यहाँ से पूरे शहर का विहंगम दृश्य दिखाई देता है। माता यहाँ महिषासुर मर्दिनी के रूप में भक्तों को दर्शन देती हैं। मंदिर की देखरेख और परंपराओं में आज भी राजघराने की छाप स्पष्ट दिखाई देती है।



### इनका कहना है...

यह मंदिर केवल पत्थर और गारे की इमारत नहीं है, बल्कि यह हमारे पूर्वजों के शौर्य और उनकी धार्मिक निष्ठा का प्रतीक है। आज भी नवरात्रि के समय यहाँ हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुँचते हैं। **— आरती एक श्रद्धालु**


**CHANGE OF NAME & DOB**

*I, KEWAL KUMAR, SM (Unit-13 JAK RIF) Army Number- JC-583618X Rank- SUB son of Chain Singh presently residing at Village- BAKSHI DE KOTHEY (MARAR PUR)Post- MAKWAL Tehsil- MANDAL Distt- JAMMU State- JAMMU AND KASHMIR Pincode - 180003 (Address) inform that in my service record my mother name is entered KALASO DEVI date of birth is 05/01/1960 which is wrong, In all documents mother name is KAILASHO DEVI and Date of birth (DOB) is (22/07/1957) including Aadhar card no. In future, her name should be depicted as KAILASHO DEVI and date of birth (22/07/1957) in all documents and service records via affidavit no. BX 370022 Date- 20/03/2026*

**CHANGE OF NAME & DOB**

*I, KEWAL KUMAR, SM (Unit-13 JAK RIF) Army Number- JC-583618X Rank- SUB son of Chain Singh presently residing at Village- BAKSHI DE KOTHEY (MARAR PUR)Post- MAKWAL Tehsil- MANDAL Distt- JAMMU State- JAMMU AND KASHMIR Pincode - 180003 (Address) in form that in my service record my father's name is entered CHAIN KUMAR date of birth is 05/01/1958 which is wrong, In all documents my father name is CHAIN SINGH and Date of birth (DOB) is (09/11/1954) including Aadhar card no. In future, his name should be depicted as CHAIN SINGH and date of birth (09/11/1954) in all documents and service records via affidavit no. BX 370023 Date- 20/03/2026*

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **Sourav Bansal** पुत्र **श्री Puroshottam Bansal** उम्र 31 वर्ष निवासी बजरंग मार्ग, कैलारस जिला मुरैना म.प्र. शपथपूर्वक सत्य कथन करता हूं कि मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट में मेरा नाम Saurav लिखा हुआ है, जो गलत है। मेरा सही व वास्तविक नाम **Sourav Bansal** है, जो कि मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में दर्ज है। **Sourav Bansal** और **Saurav** एक ही व्यक्ति के नाम अर्थात वह मैं स्वयं हूं अत: भविष्य में मुझे मेरे सही व वास्तविक नाम **Sourav Bansal** से ही पढ़ा, समझा व जाना जावे।

**सूचनाकर्ता**
**Sourav Bansal S/o Puroshottam Bansal, Address- Bajrang Marg, Kailaras, Distt. Morena M.P.**

**नाम परिवर्तन सूचना**

**मैं पूनम तोमर पत्नी 3020102A लांस नायक GD मुकेश सिंह तोमर गांव- हीरानगर, पोस्ट- मोतीझील,पुरानी छावनी, तहसील एवं जिला-ग्वालियर (MP) ने अपना नाम पूनम सेंगर (पति के आर्मी रिकॉर्ड में त्रुटिवश दर्ज) से बदलकर पूनम तोमर (आधार कार्ड अनुसार) कर लिया हे भविष्य में मुझे पूनम तोमर के नाम से जाना जाए, द्वारा शपथ पत्र DM 806015 दिनांक 20.03.2026 म.प्र. हाईकोर्ट ग्वालियर**

**सूचनाकर्ता**
**पूनम तोमर पत्नी 3020102A लांस नायक GD मुकेश सिंह तोमर गांव-हीरानगर, पोस्ट- मोतीझील, पुरानी छावनी, तहसील एवं जिला-ग्वालियर (MP)**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती सीमा जाटव पत्नी श्री धीर सिंह जाटव ने उक्त अचल सम्पत्ति प्लॉट क्र. 06 स्थित अशोक कॉलोनी ग्राम मुरार जिला ग्वालियर में है। जो कि सर्वे क्र. 3339/1 का भाग 546 वर्गफुट है। जिसका म्यु. वार्ड क्र. 21 है, जो मेरी पक्षकारा ने विक्रय अनुबंध पत्र के तहत क्रय करना स्वीकार किया। मेरी पक्षकारा के विक्रेता ज्वाला प्रसाद कुशवाह पुत्र श्री ग्यासीराम के परिवारिक सदस्य ओमप्रकाश, अशोक, भगवान दास पुत्रगण श्री ग्यासी प्रसाद एंव श्रीमती रामादेवी पत्नी श्री ज्वाला प्रसाद की काश्त की कृषि भूमि खसरे में संयुक्त भूमि राजस्व अभिलेख में भूमि स्वामी की हैसियत से दर्ज होकर चली आ रही। मेरी पक्षकारा के द्वारा किये विक्रय अनुबंध पत्र के तहत चतुरसीमा निम्नानुसार है :- पूर्व में - प्लॉट जाटव, पश्चिम में-रोड, उत्तर में-सम्पत्ति दीगर दक्षिण में- प्लॉट क्र. 05 जिसका कुल क्षेत्रफल 546 वर्गफुट है। मेरी पक्षकारा के विक्रेता ज्वाला प्रसाद कुशवाह पुत्र श्री ग्यासीराम के द्वारा उक्त अचल संपत्ति प्लॉट क्र. 06 मेरी पक्षकारा श्रीमती सीमा जाटव पत्नी श्री धीर सिंह जाटव को विक्रित किये जाने बावत अगर किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागों या प्राईवेट फायनेंश को कोई या विक्रेता परिवार के सदस्य ओमप्रकाश, अशोक, भगवान दास पुत्रगण श्री ग्यासी प्रसाद एंव श्रीमती रामादेवी पत्नी श्री ज्वाला प्रसाद को कोई उज्र व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 07 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्र व आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी और मेरी पक्षकारा श्रीमती सीमा जाटव पत्नि श्री धीर सिंह जाटव अचल संपत्ति प्लॉट क्र. 06 का कुल क्षेत्रफल 564 वर्गफुट को क्रय करने बावत हाउसिंग लोन की सुविधा पी.एन.बी.एच.एफ. एल. सिटी सेन्टर ग्वालियर से आवंटित करा रही है। जो सुचित हो।

**दिनांक-21.03.2026**
**स्थान- ग्वालियर**

भवदीय
**संजय बाकलीवाल एडवोकेट**
चिक संतर मुरार ग्वालियर
मो. 9300981954

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक आवासीय भू-खण्ड जिसका क्षेत्रफल 1500 वर्गफीट है, जो सर्वे क्रमांक 426 राजस्व ग्राम लालबांस पटवारी हल्का क्रमांक 81 का भाग होकर ग्राम लालबांस, तहसील जौरा, जिला मुरैना, म.प्र. में स्थित है जिसकी चर्तुसीमा निम्न है :- पूर्व में-रामलाल गौड का प्लॉट, पश्चिम में-दर्शनलाल गौड का प्लॉट, उत्तर में - आम रास्ता, दक्षिण में-सिकरवार की कृषि भूमि स्थित है, उक्त संपत्ति को आवेदिका श्रीमती ओमवती गौड पत्नी श्री मुन्ना लाल गौड, निवासी लालबांस, तहसील जौरा, जिला मुरैना, म.प्र. ने सम्पत्ति स्वामी श्रीमती अंगूरी बाई गौड पत्नी श्री रामविलास, श्रीमती ऊषा देवी पुत्री श्री रामविलास पत्नी श्री रामकिशोर निवासीगण ग्राम लालबांस, तहसील जौरा, जिला मुरैना, म.प्र. से जरिये पंजीकृत विक्रय-पत्र ई-पंजीयन क्रमांक MP25822022A1396885 से दिनांक 13/04/2022 को क्रयकर मेरे पक्षकार पिरामल फाइनेन्स लिमिटेड ग्वालियर (म.प्र.) के यहां आवास ऋण के विरूद्ध बंधक करने हेतु सहमत होकर आवेदन किया है। यह कि, उक्त सर्वे संख्यांक की सम्पत्ति को विक्रेतागण अन्य सह-स्वामियों के साथ संयुक्त स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्यधारी के रूप में धारण करते थे तथा उनके द्वारा अपने भाग की भूमि से आवेदिका के पक्ष में उक्त विक्रय-पत्र का निष्पादन किया गया। यह कि, यदि किसी सहस्वामी, व्यक्ति/व्यक्तियों को उक्त संपत्ति या उसके किसी भाग के संबंध में किसी प्रकार की कोई या कैसी भी आपत्ति किसी भी माध्यम अर्थात बिक्रय, विनमय, बंधक (साम्यिक / रजिस्टर्ड बंधक या अन्यथा बंधक) न्यास, उत्तराधिकार, पारिवारिक व्यवस्थापन, भरणपोषण, विल द्वारा हस्तांतरण, भागीदारी, आधिपत्य, पट्टा, उप पट्टा, किरायेदारी, लायसेंस, भार, गिरवी, सुखाधिकारी या अन्य किसी प्रकार का अधिकार होने का दावा या आपत्ति करता हो तो वह मेरे नीचे लिखे नाम व पते पर मय दस्तावेजी प्रमाण के लिखित रुप में नोटिस प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर प्रस्तुत करें अन्यथा समयोपरांत् उक्त संपत्ति मेरे पक्षकार के यहां बंधक कर ली जावेगी। उसके उपरांत् कोई भी आपत्ति कतई स्वीकार योग्य न होकर निर्थक अर्थहीन, त्याग दी गई समझी जाकर शून्य होगी तथा मेरे पक्षकार पर कतई बंधनकारी नहीं होगी तद्नुसार सूचित हो।

**दिनांक : 21-03-2026.**

**पुष्पेन्द्र कुमार अग्रवाल (एडवोकेट)**
**कार्यालय -44, कैलाश विहार, सिटी सेंटर, ग्वालियर, जिला ग्वालियर (म.प्र.),**
**कार्या. समय : प्रात: 11.00 से सायं 05.00 तक**

